# विद्यालय प्रबंध समिति का एजेंडा एवं बैठक कार्यवृत्त माह - अप्रैल , 2025 , सत्र -2025 -26

विद्यालय का नाम - ............................................................ स्कूल कोड - ....................

For samples RAJKUMAR AURAIYA

<table>
<tr>
<td>

**बैठक का विषय -**

एस.एम.सी. मासिक बैठक एजेंडा S.M.C. बैठक एजेंडा एजेंडा की तिथि 01/04/2025

दिन – मंगलवार

सेवा में

विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष,उपाध्यक्ष ,सदस्यगण .ग्राम प्रधान एवं अभिभावकगण आप सभी को सादर अवगत कराना है कि दिनांक - . 02 / 04/2025 दिन – .................... को समय 12:30 से 1:30 बजे तक विद्यालय प्रबंध समिति की मासिक बैठक का आयोजन विद्यालय परिसर में किया जायेगा | अतः आप सभी लोगों की उपस्थिति प्रार्थनीय है ससमय बैठक में प्रतिभाग करने का कष्ट करें |

धन्यवाद

सूचना का माध्यम मोबाइल फोन द्वारा ,बच्चों द्वारा ,रसोइया द्वारा ,स्वयं के सम्पर्क द्वारा

</td>
<td>

**कार्यक्रम का आयोजन -**

• बैठक में अभिभावकों के बैठने हेतु कुर्सियों आदि की व्यवस्था विद्यालय स्तर से सुनिश्चित की गई ।
बैठक में विद्यालय के समस्त अध्यापकों की उपस्थिति सुनिश्चित की गई ।
• बैठक में उपस्थित प्रतिभागियों का नाम, पता एवं मोबाइल नं० बैठक पंजिका में अंकित किया गया ।
• बैठक में चर्चा के दौरान दो तरफा संचार (Two way communication) अर्थात् अभिभावकों को भी अपना मत रखने का अवसर प्रदान किया गया

**बैठक कार्यवृत्त -**

महानिदेशक स्कूल शिक्षा के आदेश के क्रम में आज दिनांक - 02 /04/2025 दिन- बुधवार को विद्यालय परिसर में विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष श्री/श्रीमती ........................ की अध्यक्षता में विद्यालय प्रबंध समिति की बैठक आहूत की गयी | नियम के अनुसार बैठक का कोरम पूरा है | आज की बैठक में पूर्व बैठक की समीक्षा की गई और एजेंडा पढ़कर सुनाया गया एवं विद्यालय में निम्न एजेंडा बिन्दुओं पर विस्तृत रूप से चर्चा की गयी |

**बैठक में चर्चा-परिचर्चा के बिन्दु**

**1 - कक्षा 5/8 के बच्चों के विदाई समारोह के सम्बन्ध में -** इस वर्ष विद्यालय से निकलने वाले बच्चों को रिजल्ट कार्ड व टीसी देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ विद्यालय से विदा किया गया और कोई भी बच्चा नामांकन से वंचित न रहे किसी भी विद्यालय में नामांकन अनिवार्य रूप से हो इस पर विस्तार से चर्चा की गयी |

**2- स्कूल चलो अभियान रैली पर चर्चा-** नया सत्र 1 अप्रैल 2025 से शुरू हो चुका है |- सत्र 2025-26 के लिए विद्यालय में नवीन नामांकन होना है बाल वाटिका से लेकर कक्षा 8 तक के बच्चों का नामांकन होना है 6 से 14 आयु वर्ग के बच्चों का कोई भी बच्चा नामांकन से वंचित न रहे इसलिए स्कूल चलो अभियान रैली निकालकर नवीन नामांकन के लिए जगरूकता लाकर स्कूल के लिए बच्चों की रुचि विकसित कर अभिभावकों को जगरूक करना है और शिक्षा के महत्व को बताना है | गली-गली गांव गांव स्कूल चलो अभियां रैली का प्रचार प्रसार किया जाए इस संबंध में विस्तृत रूप से चर्चा की गई|

**3 - नवीन नामांकन पर चर्चा -** वर्तमान सत्र 2025-26 में नवीन नामांकन हेतु कक्षा एक में प्रवेश हेतु समय सीमा निर्धारित कर दी गयी है अब 6 वर्ष की उम्र पूरी कर चुके बच्चों को ही प्रवेश मिलेगा 31 जुलाई तक 6 वर्ष की उम्र पूरी करने वाले बच्चों का प्रवेश लिया जायेगा इस नियम के तहत जिन बच्चों की उम्र 1 अप्रैल तक 5 वर्ष 8 माह पूरे हो चुके हैं उनका प्रवेश हो सकेगा | विद्यालयों में बच्चों का अधिक से अधिक नामांकन हो कोई भी बच्चा नामांकन से वंचित न रहे स्कूल चलो अभियान जागरूकता रैली अतिशीघ्र निकाली जाएगी जिसकी सूचना 1 दिन पहले दी जाएगी | जिसमें सभी लोगों की सहभागिता अनिवार्य है इस पर बैठक में विस्तृत रूप से चर्चा की गई |

**4 - पुस्तक वितरण पर चर्चा –** आज की बैठक में सचिव/प्रधानाध्यापक के माध्यम से सभी अभिभावकों को अवगत कराया गया है कि सत्र 2025- 26 के लिए विभाग के द्वारा इस वर्ष भी पुस्तकें विद्यालय में समय पर वितरण की जाएंगी अप्रैल माह के प्रथम सप्ताह में ही सभी बच्चों को शत प्रतिशत पुस्तकों का वितरण कर दिया जाएगा |

</td>
<td>

बैठक में उपस्थित सदस्यों के हस्ताक्षर RAJ .

</td>
</tr>
</table>

| | | |
|---|---|---|
| **बैठक के प्रमुख निम्न एजेंडा बिन्दुओं पर आवश्यक चर्चा होनी है**<br>1 - कक्षा 5/8 के बच्चों के विदाई समारोह के सम्बन्ध में -<br>2- स्कूल चलो अभियान रैली पर चर्चा-<br>3 -नवीन नामांकन पर चर्चा -<br>4 - पुस्तक वितरण पर चर्चा 5 -बच्चों के यूनिफॉर्म पर चर्चा-<br>6 -डीबीटी पर चर्चा<br>7 -विद्यालय के भौतिक परिवेश पर चर्चा<br>8 -अपार आईडी पर चर्चा -<br>9 -PFMS के तहत कम्पोजिट ग्रान्ट सहित अन्य मदों के उपभोग पर चर्चा<br>10 -बच्चों की कॉपियों पर चर्चा –<br>11 -बच्चों के गृह कार्य पर चर्चा - | **5 -बच्चों के यूनिफॉर्म पर चर्चा-** नवीन सत्र के शुरुआती समय में ही बच्चों को यूनिफॉर्म दे दिए जाएं ताकि बच्चे नई पुस्तकों के साथ और यूनिफॉर्म में बच्चे समय से स्कूल आए \| डीबीटी के तहत सभी बच्चों को अप्रैल में ही 1200 की धनराशि प्राप्त हो जाएगी इसलिए समस्त अभिभावकों से आग्रह किया गया कि अपने बच्चों के लिए जूता मोजा बैग यूनिफॉर्म आदि बच्चों को लेकर दे दे \|<br>**6 -डीबीटी पर चर्चा** - पिछले सत्र की भांति इस सत्र में भी बच्चों को डीबीटी के तहत 1200 की धनराशि आप समस्त अभिभावकों के खातों में आनी है जिन अभिभावकों के आधार कार्ड खातों में लगे हुए हैं वाह खाते बैंक में सीडेड होना अनिवार्य है \| कोई भी खाता बंद नहीं होना चाहिए वह आधार से जुडा होना चाहिए ताकि विभाग के द्वारा 1200 धनराशि जारी की जाएगी वह आपके खातों में आ सके इसलिए खातों की समय-समय पर केवाईसी कराते रहें और खाते एक्टिव मोड में रखें \|<br>**7 -विद्यालय के भौतिक परिवेश पर चर्चा –** अप्रैल माह में विद्यालय की साफ़ सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाय और विद्यालय में लघु मरम्मत का कार्य ,रंगाई ,पुताई पेंटिंग के कार्य को प्रथम वरीयता से करा लिया गया है \| शासन की मंशा के अनुरूप विद्यालय को सजाया संवारा जा रहा है ताकि विद्यालय में आने वाले बच्चों की रूचि विकसित हो सके \|<br>**8 -अपार आईडी पर चर्चा -** विद्यालय में बच्चों की शत प्रतिशत अपार आईडी बन चुकी है ,जिन बच्चों की अपार आईडी नहीं बनी है या तो उनके आधार कार्ड अपडेट नहीं है या आधार कार्ड बने नहीं हैं जिन बच्चों के आधार कार्ड बने नहीं हैं उनके जन्म प्रमाण पत्र अति शीघ्र बनवा लें ताकि आधार कार्ड बन सके और बच्चों की शत प्रतिशत अपार आईडी बन सके \|<br>**9 -PFMS के तहत कम्पोजिट ग्रान्ट सहित अन्य मदों के उपभोग पर चर्चा- सत्र 2024- 25** में कंपोजिट ग्रांट की धनराशि विद्यालय के SMC खाते में ............... रु0 कम्पोजिट ग्रान्ट एवं अन्य मदों सहित ............... रु0 प्राप्त हुए हैं . पिछली बैठक में सचिव/प्रधानाध्यापक एवं एसएमसी सदस्यों के द्वारा बैठक में विचार विमर्श कर आम सहमति के उपरांत विद्यालय के वार्षिक आवश्यक कार्यों को चिन्हित कर कार्य योजना/प्रस्ताव तैयार कर बैठक में अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किया जा चुका है और जिन बैंडरों के खातों में धनराशि PFMS के तहत ट्रांसफर की गयी है उन वस्तुओं को क्रय कर विद्यालय के आवश्यक कार्यों में उपभोग हेतु कार्यकर लिया गया है \| अति शीघ्र उपभोग को अगली बैठक में प्रस्तुत किया जायेगा और इसको विद्यालय की दीवार पर पेंट भी करा दिया जायेगा \|<br>**10 -बच्चों की कॉपियों पर चर्चा** - नए सत्र का आगाज हो चुका है, सभी अभिभावकों को अवगत कराया जाता है कि सत्र के प्रारंभ में ही बच्चों को पुस्तकें समय से विभाग से मिल जाती हैं लेकिन अभिभावक ज्यादातर बच्चों के लिए समय से कॉपियां लेकर नहीं दे पाते हैं जिससे उनका कोर्स समय से पूरा होने में समस्या आती है ,इसलिए सभी अभिभावकों से निवेदन किया जाता है कि अपने बच्चों के लिए प्रत्येक विषय के लिए अलग अलग कॉपियां खरीद कर दे दें ताकि समय से बच्चों का पाठ्यक्रम भी पूरा होता चले\|<br>**11 -बच्चों के गृह कार्य पर चर्चा -** सभी बच्चों को विद्यालय से होमवर्क दिया जाता है सभी अभिभाकों से निवेदन किया जाता है कि अपने बच्चों का होमवर्क चेक करते रहें विद्यालय में शिक्षकों ने होमवर्क दिया या नहीं यह भी देखें \| बच्चों को जो गृह कार्य दिया जाता है उस गृह कार्य में अभिभावक सहयोग करें विद्यालय स्तर पर सुबह दूसरे दिन सभी बच्चों का होमवर्क भी समय से चेक किया जाता है \| इस संबंध में विस्तृत रूप से चर्चा की गई\|<br>इसके साथ ही कुछ अन्य बिंदुओं पर चर्चा परिचर्चा के उपरांत सूक्ष्म जलपान के साथ साथ , बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामनाओं के साथ आज की बैठक में उपस्थित हुए सभी बच्चों के माता/पिता/ अभिभावकों को धन्यवाद ज्ञापित कर माह की अगली बैठक हेतु पुनः उपस्थित रहने का आग्रह कर आज की बैठक कार्यवाही का समापन किया गया \|<br>धन्यवाद ! RAJKUMAR AURAIYA -9760712529 | |